# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम- वार्षिक अधिवेशन

# २८.०९.२०२५

28 सितंबर 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम का 13वाँ वार्षिक अधिवेशन विवेक विहार जैन मंदिर दिल्ली में आर्यिका श्री 105 सुज्ञान मति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 दयामती माता जी के पावन सानिध्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में 11 वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न शाखों से आए लगभग 160 सदस्यों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री ऋषभ जैन सभा विवेक विहार दिल्ली ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम केंद्रीय कमेटी थी। कार्यक्रम का प्रारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा चित्र अनावरण करके हुआ। उसके बाद दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि तथा अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात विवेक विहार के बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण का पाठ किया और श्री आदिनाथ महिला मंडल विवेक विहार की महिलाओं द्वारा स्वागत गान गया। इन सभी बच्चों और महिलाओं को फोरम की ओर से पारितोषिक भेंट किए गए।

सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रीय महासचिव सोम प्रकाश जैन द्वारा 2024- 25 की प्रगति रिपोर्ट सभी के समक्ष प्रस्तुत की गई। श्री बी एस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष द्वारा 2024 -25 के एकाउंट्स की प्रस्तुति की गई एवं सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई।

इस अवसर पर श्री अभिषेक जैन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वारा आचार्य श्री ज्ञान सागर पर बहुत ही सुंदर भजन की प्रस्तुति दी जिससे पूरा पंडाल गुरु की भक्ति में लीन हो गया।

बाहर से आए विशिष्ट अतिथि जैसे श्री अशोक जैन जनरल मैनेजर यूनियन बैंक जयपुर, श्री पुनीत जैन जनरल मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक तथा श्री ज्ञानेंद्र कुमार जैन अध्यक्ष मरुधरा ग्रामीण बैंक जयपुर द्वारा अपने विचार सभी के सम्मुख प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर श्रीमती मोनिका जैन बैंक ऑफ़ इंडिया कानपुर द्वारा अपने उदगार प्रकट किये, जिनके ट्रांसफर में बैंकर रत्न श्री आर सी लोढ़ा जी ने बहुत सहायता की थी।

वार्षिक अधिवेशन में वर्ष 2024 25 के लिए चयनित सर्वश्रेष्ठ शाखा प्रथम रनर अप शाखा द्वितीय रनर अप शाखा की घोषणा की गई।

सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा को प्रथम रनर अप शाखा का पुरस्कार गुड़गांव शाखा को एवं द्वितीय रनर अप शाखा का पुरस्कार भोपाल शाखा के लिए घोषित किया गया एवं तथा जयपुर सेंट्रल शाखा को सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि के लिए पुरस्कृत किया गया इन सभी शाखाओ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बारी-बारी से मंच पर बुलाकर पटका माला सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही इन सभी शाखाओ द्वारा आर्यका माताजी से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त 15 शाखाओ को सक्रिय शाखा की ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विगत में केंद्रीय कार्यकारिणी में रिक्त हुए चार पदों पर निम्नलिखित सदस्यों को नामित करने की घोषणा की गई :

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष - श्री प्रभात गोयल जी भोपाल
- संगठन मंत्री - श्री प्रवीण जैन जी मुजफ्फरनगर
- प्रचार मंत्री - श्री बाबूलाल जी बिलाल जयपुर
- संयुक्त संगठन मंत्री - श्री आनंद सराफ जी भोपाल

लंच के उपरांत राष्ट्रीय संरक्षक श्री के के जैन एवं मुख्य अतिथि श्री मुकेश जैन और अंत में बैंकर रत्न श्री आर सी लोढ़ा जी द्वारा उपस्थित सभागार को संबोधित किया गया। सभी व्यक्तियों के उद्बोधन से निम्न बिंदु निकलकर आए हैं :

- फोरम में अधिक से अधिक युवा सदस्यों को जोड़ा जाए
- सभी यूनिट्स प्रत्येक माह ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन कम से कम एक मीटिंग अवश्य करें।
- राष्ट्रीय महासचिव ने सभी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं अन्य सभी केंद्रीय पदाधिकारी को सक्रिय भूमिका निभाने का आवाहन किया और अपने निकटवर्ती शाखाओ को विजिट करके उनको एक्टिवेट करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

कार्यक्रम में उपस्थित आर्यिका श्री 105 सुज्ञानमती माताजी ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वास्तव में आचार्य श्री के देवलोक गमन के उपरांत भी जैन बैंकर्स फोरम आचार्य श्री के मार्ग को प्रशांत करने में सहायक हो रहा है एवं निरंतर समाज के लोगों बैंकिंग संबंधित जानकारी एवं समस्याओं को निदान कर रहा है जिसके लिए उनके द्वारा फोरम के सभी सदस्यों को निरंतर प्रगति करने का आशीर्वाद प्रदान दिया।

इस वर्ष के कार्यक्रम में आचार्य श्री जी की पूजा एवं पाद प्रक्षालन का कार्य भी किया गया

विवेक विहार समाज द्वारा  इस कार्यक्रम में स्वादिष्ट भोजन एवं नाश्ते आदि की व्यवस्था की गई।

अंत में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री आर के जैन जी ने सभी  आगंतुकों का तथा आयोजको का धन्यवाद ज्ञापन पेश किया।

अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने अपनी व्यस्ततम समय में से समय निकालकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

इसी के साथ स्वादिष्ट हाई टी के साथ सभा का समापन किया गया

| | | | |
|---|---|---|---|
| जे के जैन | सोम प्रकाश जैन | आरके जैन | बी एस जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |